दिनांकः 20.04.2024 समय : 08:50 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की बारह संसदीय सीटों पर लगभग 58 प्रतिशत मतदान–आज जारी होंगे अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़े।
- दूसरे चरण के चुनाव के तहत राज्य की 13 लोकसभा सीटों पर स्टार प्रचारकों के दौरे जारी।
- राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरुक।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर तेज़ आंधी के साथ बारिश–कुछ जगह ओलावृष्टि।

......................

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की बारह संसदीय सीटों पर कल लगभग 57 दशमलव आठ सात प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि फॉर्म 17ए की जांच के बाद ही आज अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़े मिल सकेंगे। इन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले लगभग छह प्रतिशत कम मतदान हुआ है। इससे पहले, कल लोकसभा चुनाव के महापर्व का पहला चरण कल शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। प्रदेश के बारह लोकसभा क्षेत्रों में कल हुए मतदान में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक वोट डाले। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों के 24 हजार 370 मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, बुजुर्गों, थर्ड जेंडर और युवाओं ने अपनी भागीदारी निभायी।

श्री गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान 12 हजार 680 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग से निगरानी की गयी। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में केन्द्रीय पुलिस बल और माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए।

उन्होंने बताया कि करीब 98 दशमलव 3 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लिया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में धन–बल का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रदेशभर में 1 मार्च से अब तक लगभग 876 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, शराब, ड्रग्स सहित अन्य अवैध सामग्री जब्ती की गई है। आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक करीब 778 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी सहित अन्य अवैध सामग्री जब्त की गई है।

......................

आम चुनाव के पहले चरण के सम्पन्न होने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया है।

......................

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए सभी राजनैतिक दल पूरे जोर शोर के साथ प्रचार में जुटे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह आज शाहपुरा जिले के शकरगढ़ क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

......................

इससे पहले कल श्री शाह ने उदयपुर से पार्टी प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में रोड़ शो किया। रोड़ शो दिल्ली गेट से होता हुआ सूरजपोल पहुंचा। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा

सिणधरी में सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और शाम को बालोतरा के नाकोड़ा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री नाकोड़ा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्तौड़गढ़ में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी सी.पी. जोशी के समर्थन में रोड़ शो करेंगे।

इससे पहले कल हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने बालोतरा में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया।

वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज सुबह झालावाड–बारां संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार उर्मिला जैन भाया के पक्ष में छीपाबड़ौद में जनसभा करेंगे। इसके बाद श्री डोटासरा कोटा–बूंदी से पार्टी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के समर्थन में बूंदी में आमसभा कर वोट मांगेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के पचपदरा और कल्याणपुर क्षेत्र में जनसभाएं कर जनसम्पर्क किया।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल कर रहे हैं। आज का संदेश हमें जोधपुर से श्रोता समूह ने भेजा है।

....................

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सतरंगी सप्ताह के तहत बाड़मेर में आज ट्राई साइकिल रैली के ज़रिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। जैसलमेर में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के वास्ते आज ट्राई साइकल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली विजय स्तंभ से हनुमान चौराहे तक निकाली जाएगी। सवाईमाधोपुर में ''हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम'' स्लोगन पर ट्राई साइकिल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। झालावाड़ में कल सर्विस वोटर्स और सरकारी कार्मिकों के लिए समावेशी वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जोधपुर में कल सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से समावेशी वॉकथॉन कलेक्ट्रेट से घण्टाघर तक पहुंची। इसमें सरकारी कर्मचारी, सर्विस वोटर्स, घुमन्तु जातियों और ट्रांसजेण्डर्स ने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

भीलवाड़ा के आसीन्द विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए एक अनूठी पहल की गयी है। इसके तहत ''भैया वोट देना, बहना वोट देना, मैं मतदान करूगां/करूंगी जैसे स्लोगन लिखी हुई 5100 राखियाँ तैयार करवाई गयी हैं।

पाली के गिरदड़ा गांव में स्कूली विद्यार्थियों ने मानव श्रंखला से मतदान दिवस की तारीख छब्बीस चार चौबीस की आकृति बनाकर मतदान जागरुकता का संदेश दिया।

....................

जैसलमेर में कल संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में श्री मेहरा ने निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र में हर वोट अमूल्य है, जिले में भयमुक्त वातावरण में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित होना चाहिए। श्री मेहरा ने अब तक हुई चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र के मद्देनजर विशेष सावधानी रखने के भी निर्देश दिए।

....................

जयपुर में प्रवर्तन निदेशालय मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती–2022 पेपर लीक मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। ईडी ने पुखराज, पीमाराम, सुरेश कुमार, विजय डामोर और अरुण शर्मा के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत पूरक अभियोजन शिकायत पेश की थी।

....................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में मौसम में उतार–चढ़ाव बना रहा। कई स्थानों पर तेज आंधी चली तथा बारिश हुई और कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। हनुमानगढ़ जिले के पल्लू में कल आंधी और मेघ गर्जन

के साथ ओलावृष्टि हुई। बारिश होने से लोगों को तेज गर्मी से थोडी राहत मिली। श्रीगंगानगर में कल शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिमी राजस्थान में कल और परसों बूंदाबांदी की संभावना है।

.....................